प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व शौर्य यात्रा में शामिल होंगें
- उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने केन्द्र सरकार से प्रदेश की जल शक्ति क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओ को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग कीं
- प्रदेश के 17 जिलों में आज घने कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट–सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचें
- कोटा की अरूधंती चौधरी ने राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कियां

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुजरात के प्रभास पाटन में सोमनाथ मंदिर की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले अनगिनत वीरों के सम्मान में आयोजित शौर्य यात्रा में भाग लेंगें इसके बाद वे सोमनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगें श्री मोदी सोमनाथ में एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगें प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र में शामिल होंगें उन्होंने इस डायलॉग में देश के युवाओं से जुड़ने की उत्सुकता व्यक्त की हैं श्री मोदी ने कहा है कि देश की युवा शक्ति, असाधारण उत्साह और अद्वितीय जोश से प्रेरित होकर राष्ट्र के विकास और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं

....

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बैठक कीं ये बैठक बजट पूर्व संवाद की कडी में रखी गई प्रतिभागियों ने वित्त मंत्री को केन्द्रीय बजट 2026–27 के लिये अनेक सुझाव दिएं अनेक प्रतिभागियों ने अधिक धनराधि आवंटन के साथ राज्यों के लिये विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना जारी रखने का सुझाव दियां राजस्थान की उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी भी बैठक में शामिल हुईं उन्होंने बैठक में केन्द्र सरकार से जलशक्ति क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजनओं को प्राथमिकता देने का अनुरोध कियां उन्होंने पार्वती काली सिंध चम्बल लिंक परियोजना को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित करते हुए इसके लिए लिए पांच हजार करोड़ रूपये का प्रावधान करने की मांग कीं इसके साथ ही शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल संवहन परियोजना को भी राष्ट्रीय परियोजनाओं में शामिल करने और इसके लिए 200 करोड़ रूपये के प्रावधान का आगृह कियां

....

78वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में कल जयपुर में शौर्य संध्या का आयोजन किया गयां सवाईमानसिंह स्टेडियम में हुए इस ऐतिहासिक आयोजन में भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और सैन्य शक्ति को दर्शाया गयां स्वदेशी ड्रोन से सजा शो, शौर्य संध्या का खास आकर्षण रहां इसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दियां इसमें भारत पाक युद्ध से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक लडे गये युद्धों और प्रमुख सेन्य अभियानों को नाट्य और तकनीकी प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया गयां इस मौके पर सेना की दक्षिण पश्चिम कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने कहा कि राजस्थान शौर्य की भूमि हैं इस धरती ने पराकमी योद्धाओं को जन्म दिया हैं राजस्थान में पहली बार सेना दिवस परेड का आयोजन गर्व की बात हैं उन्होंने बताया कि इस दौरान ऑनर कैंप, साईकिल रैली, मेगा मेडिकल कैम्प, सैन्य हथियारों की प्रदर्शनी आयोजित की जा रही हैं

....

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल भारतीय डाक की दो नई सेवाओं– 'स्पीड पोस्ट 24' और 'स्पीड पोस्ट 48' की घोषणा की हैं ये सेवाएं 24 और 48 घंटे में डाक और दस्तावेज को सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगीं श्री सिंधिया ने मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले में यह घोषणा कीं यह डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं श्री सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं समयबद्ध, विश्वसनीय और त्वरित डिलीवरी का नया मानक स्थापित करेंगीं

....

मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के 17 जिलों में आज घने कोहरे, शीतलहर और कोल्ड डे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया हैं उत्तरी भारत से आ रही बर्फीली हवाओं और प्रदेश मे सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड का दौर जारी हैं आज सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे पंहुच गया और माईनस 3 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआं राज्य के अधिकतर हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने तथा पश्चिमी उत्त्तरी और पूर्वी भागों में अगले दो तीन दिन तक शीतलहर जारी रहने के आसार हैं शेखावाटी क्षेत्र के आज और कल अत्यंत कोल्ड डे रहने की संभावना जताई गई हैं प्रदेश के कई जिले घने कोहरे की चपेट में हैं सुबह शाम घनी धुंध छाये रहने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हैं विजिबलिटी काफी कम होने से दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बढ गया हैं इस स्थिति को देखते हुए कोटपूतली–बहरोड़ में पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने सतर्कता बढ़ा दी हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि पेट्रोलिंग टीमें लगातार गश्त करते हुए वाहन चालको से सावधानी बरतने की अपील कर रही हैं

....

कोटा रेल मंडल में कार्यरत अभियंता पीयूष शर्मा को अतिविशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया हैं नई दिल्ली में हाल ही में हुए राष्ट्रीय समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श्री शर्मा को ये पुरस्कार प्रदान कियां कोटा मंडल में दरा सेक्शन में वरिष्ठ खंड अभियंता के रूप में कार्यरत श्री शर्मा ने बताया कि रेल संरक्षा के क्षेत्र में सतर्कता और तकनीकी दक्षता से काम करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत श्रेणी में ये पुरस्कार दिया गया हैं

....

9वीं राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कोटा की बेटी अरूधंती चौधरी ने स्वर्ण पदक हांसिल कर प्रदेश का मान बढाया हैं 4 से 10 जनवरी के बीच ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस चैम्पियनशिप में अरूधंती ने सीमा सुरक्षा कन्ट्रोल बोर्ड की ओर से खेलते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कियां उन्होंने अपने पहले मुकाबले में मणिपुर दूसरे में रेल्वे और तीसरे में हरियाणा तथा फाइनल मुकाबले में ऑल इंडिया पुलिस टीम की बॉक्सर को हराकर ये खिताब हांसिल कियां

....